

# 2 हफ्ते बाद लौटी कड़ाके की ठंड, पारा 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल, 08 फरवरी. मध्य प्रदेश में करीब दो सप्ताह के अंतराल के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा है. खासकर प्रदेश के पूर्वी जिलों में ठंड का असर अधिक देखने को मिल रहा है.**

कटनी, शहडोल और उमरिया इस समय प्रदेश के सबसे ठंडे जिले बने हुए हैं. कटनी जिले के करौंदी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया गया है. इसके अलावा प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है. बीते तीन दिनों से लगातार रातें अधिक ठंडी होती जा रही हैं. राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी ठंड का असर साफ नजर आया.

## प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. अधिकतम और न्यूनतम तापमानों में किसी प्रकार का विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया और तापमान सामान्य के आसपास ही रहे. मौसम विभाग के अनुसार मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पछुआ हवाओं के प्रभाव से एक पश्चिमी विक्षोभ गर्त के रूप में सक्रिय है, जिसका अक्ष माध्य समुद्र तल से लगभग 5 .8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है.

# कृषि क्षेत्र की संपूर्ण सुरक्षा, किसान हित सर्वोपरि : शिवराज



## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बारे में बताया

**भोपाल, 08 फरवरी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में कृषि क्षेत्र से संबंधित सभी निर्णय भारतीय किसानों के हितों की पूर्ण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं.**

श्री चौहान ने रविवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी.उन्होंने कहा कि इस समझौते में ऐसा कोई भी कृषि उत्पाद शामिल नहीं किया गया है, जिससे देश के किसानों को किसी प्रकार की क्षति पहुंचे. देशहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से पूरी तरह बाहर रखा गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी. उन्होंने इसे एक दूरदर्शी निर्णय बताते हुए कहा कि इससे भारतीय कृषि की शुद्धता बनी रहेगी और मिट्टी व बीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी. चौहान ने बताया कि अमेरिका को मांस, पोल्ट्री, डेयरी, सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, एथेनॉल और तंबाकू सहित किसी भी कृषि उत्पाद पर टैरिफ छूट नहीं दी गई है. इसके अतिरिक्त केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, आटा, आलू, प्याज, बीन्स, खीरा, मशरूम, फ्रोजन सब्जियां तथा विभिन्न फल-सब्जियों के आयात की भी अनुमति नहीं होगी. उन्होंने कहा कि लिक्विड दूध, दूध पाउडर, दही, मक्खन, घी, पनीर, व्हे उत्पाद एवं चीज़ जैसे सभी अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारत में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिससे देश के दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका सुरक्षित रहेगी.

> केंद्रीय मंत्री ने मसालों के आयात पर भी प्रतिबंध की जानकारी देते हुए कहा कि काली मिर्च, लौंग, दालचीनी, धनिया, जीरा, हल्दी, अदरक सहित अन्य मसाले भी आयात के दायरे से बाहर रखे गए हैं. उन्होंने दोहराया कि यह ट्रेड डील पूरी तरह किसान हितैषी है और इससे भारतीय कृषि व खाद्य सुरक्षा पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा.

# पांच करोड़ मूल्य का अवैध सामान जब्त

## ड्रग निर्माण में किया जाता था उपयोग



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए राजगढ़ और मंदसौर जिलों में की गई दो बड़ी कार्रवाइयों में एमडी ड्रग्स से जुड़े केमिकल, मादक पदार्थ और उपकरण जब्त किए हैं.**

राजगढ़ जिले में थाना माचलपुर पुलिस ने एमडी ड्रग्स के निर्माण में प्रयुक्त 266.9 किलोग्राम केमिकल बरामद किए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई गई है. 7 फरवरी को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत की खंती के पास दबिश दी, जहां पांच नीले प्लास्टिक ड्रमों में सफेद क्रिस्टलनुमा केमिकल पाउडर छिपाकर रखा गया था. प्रारंभिक जांच में यह पदार्थ एमडी ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाला पाया गया. एनडीपीएस एक्ट के तहत केमिकल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तस्करी नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है. वहीं मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ग्राम सुरजना स्थित खेत के कुएं पर छापा मारकर पुलिस ने आरोपियों को एमडी ड्रग्स बनाते हुए पकड़ा.



## हेमंत खंडेलवाल ने राजा भोज जयंती शोभायात्रा में किया माल्यार्पण

**बैतूल, 08 फरवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल में राजा भोज की जयंती पर क्षत्रिय-पवार समाज संगठन द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में सहभागिता कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार समेत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक बंधु एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# एमडी फैक्ट्री का भंडाफोड़, केमिकल व उपकरण जब्त



**गरोठ। थाना गरोठ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सूरजना स्थित खेत के कुएं पर संचालित एमडी (मेथामफेटामिन) फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। मौके से 102 ग्राम एमडी सहित एमडी निर्माण में प्रयुक्त केमिकल, उपकरण एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील एवं एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गरोठ निरीक्षक हरीश मालवीय व टीम ने मुखबिर सूचना पर दबिश दी। मौके पर दो आरोपी एमडी बनाते हुए पाए गए।

पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम दीपक पिता राधेश्याम सिकलीगर (32) एवं सुमित पिता राजाराम सिकलीगर (19) निवासी सूरजना बताए। आरोपियों के कब्जे से लगभग 12 किलो 610 ग्राम केमिकल मिश्रण, एमडी निर्माण में सहायक तरल व पाउडर, गैस सिलेंडर, सेंट्रीफ्यूज मशीन, चूल्हा-भट्टी, बर्तन, तार एवं दो मोबाइल फोन जब्त किए गए।

थाना गरोठ में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 50/2026 धारा 8/15, 22, 29, 30 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना गरोठ सहित अन्य थानों की टीमों का सराहनीय योगदान रहा। मंदसौर पुलिस प्रदेशभर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को लेकर पूर्णत: प्रतिबद्ध एवं दृढ़ संकल्पित है।

# महिला के साथ मारपीट करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**सीधी.** बहरी बाजार में एक महिला के साथ यूट्यूबर द्वारा मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर यूट्यूबर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना रविवार सुबह की है. पीड़िता हेमा सिंह, पत्नी रघुवंश प्रताप सिंह, भनवार निवासी हैं. हेमा सिंह बहरी बाजार में गुमठी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं. उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले आरोपी संतोष पाठक ने रात में उनकी गुमठी और ठेला गायब करवा दिया था.

## युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल

**सिंगरौली.** जिले के बैढ़न स्थित माजन मोड़ चौराहे पर शनिवार की रात एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना सामने आई है. हैरानी की बात यह है कि यह स्थान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बेहद नजदीक है, इसके बावजूद असामाजिक तत्वों में कानून का कोई खौफ नजर नहीं आया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है. हालाकि वायरल विडियो की पुष्टि नवभारत नही करता है. युवक द्वारा वाहन खड़ा करने को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई. मामूली धक्का लगने की बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक को चारों ओर से घेरकर पीटना शुरू कर दिया. हमलावरों ने उसे लात-घूंसे और हाथों से बेरहमी से पीटा. युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि खुले चौराहे पर युवक के साथ मारपीट की जा रही है. घटना स्थल के सामने पुलिस का सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है. नवानगर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल ने बताया कि विडियो के बारे में मुझे जानकारी मिली है और माजन तक गया भी था.

# पत्नी की गोली मारकर हत्या



**ग्वालियर, 08 फरवरी.** एक शख्स ने पत्नी पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. शख्स की उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिसके बाद गुस्से में उसने कट्टा निकालकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं.गोली सीधे सीने पर लगने से महिला मौके पर ही गिर गई और उसकी मौत हो गई. घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र की दर्पण कॉलोनी के पास स्थित मॉडल स्कूल के पास हुई. मृतका का नाम रूचि तोमर है. आरोपी पति सोनू तोमर है. जानकारी के अनुसार दोनों के बीच घरेलू बहस हुई, जो धीरे-धीरे हाथापाई और गुस्से में बदल गई. बहस के दौरान सोनू ने कट्टा निकालकर पत्नी पर फायर कर दिया. गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे, लेकिन तब तक सोनू घर से भाग चुका था. महिला फर्श पर लहूलुहान पड़ी मिली. घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई. पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक रूचि की जान नहीं बचाई जा सकी. मृतका के शरीर में 6 गोलियां लगी हैं. मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं.

# जमीनी संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 फरवरी. कांग्रेस पार्टी के जमीनी संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से रविवार को इंदिरा भवन में भोपाल संभाग की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई.**




बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे तथा संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले उपस्थित रहे. इसके अलावा भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला एवं विधानसभा प्रभारी तथा ब्लॉक अध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए. बैठक में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर समितियों के गठन के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई, ताकि संगठन की जड़ें और मजबूत की जा सकें. साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन की प्रभावशीलता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ. बैठक को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसका जमीनी संगठन है. उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने का आह्वान किया और इस बैठक को मजबूत व जनकेंद्रित संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.

## इंजीनियर ने दहेज के लौटाए 51 लाख रुपए

**भिण्ड.** जिले में एक शादी समारोह उस समय सामाजिक मिसाल बन गया, जब इंजीनियर आकर्ष पाठक और उनके परिवार ने विवाह के दौरान दहेज में मिली 51 लाख रुपये की राशि सम्मानपूर्वक लौटाकर दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश दिया. शादी के मंडप में जब यह राशि लौटाई गई तो कुछ क्षणों के लिए लोग स्तब्ध रह गए, इसके बाद तालियों की गूंज ने पूरे माहौल को भावुक कर दिया. पाठक परिवार ने यह कदम उठाकर स्पष्ट किया कि उनके लिए विवाह कोई लेन-देन नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कारों का पवित्र मिलन है. दहेज की पूरी राशि लौटाते हुए परिवार ने प्रतीक स्वरूप केवल एक रुपया और एक नारियल स्वीकार किया.

# रेलवे सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

## अनारक्षित टिकट बुकिंग पर मिलेगी 3% की छूट

**भोपाल, 08 फरवरी. रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा बहुउपयोगी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 'रेलवन ऐप' उपलब्ध कराया गया है. यह ऐप रेलवे से जुड़ी विभिन्न सेवाओं और जानकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**




रेलवन ऐप को यात्रियों को सरल, तेज़ और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. इस ऐप का इंटरफेस बेहद सहज है, जिससे सभी आयु वर्ग के यात्री इसे आसानी से उपयोग कर सकते हैं. रेलवन ऐप के माध्यम से ट्रेन से संबंधित जानकारी, ट्रेन नंबर और नाम, समय-सारिणी, आगमन-प्रस्थान का समय, स्टेशन संबंधी जानकारी, कोच व सीट से जुड़े सामान्य विवरण तथा रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं. यह प्लेटफ़ॉर्म यात्रियों को समय की बचत करने और यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद करता है.

रेल मंत्रालय द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है. यह छूट 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक छह माह की प्रायोगिक अवधि के लिए लागू रहेगी. यह प्रावधान आर-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू होगा.

> वहीं, आर-वॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पूर्ववत 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की व्यवस्था जारी रहेगी. निर्धारित अवधि के बाद सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) द्वारा योजना की समीक्षा की जाएगी. रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल सोल्यूशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसका लाभ कोई भी स्मार्टफोन उपयोगकर्ता आसानी से उठा सकता है.

**एक नजर में** | भारत और अमेरिका के किसानों की हालत में काफी फर्क है

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पटवारी के सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 फरवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी संयुक्त बयान पर आपत्ति जताते हुए इसके कारण भारतीय किसानों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सवाल उठाए हैं.**



भोपाल में इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए पटवारी ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठकों और बयानों के माध्यम से किसानों को आश्वस्त करने का प्रयास किया है, लेकिन अब तक समझौते से जुड़े अहम तथ्य सार्वजनिक नहीं किए गए हैं. उन्होंने कहा कि उत्पाद-वार टैरिफ संरचना, नॉन-टैरिफ बैरियर की शर्तें और आधिकारिक प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट सामने नहीं लाई गई है. 'किसानों को भाषण नहीं, बल्कि तथ्य और लिखित गारंटी चाहिए,

श्री पटवारी ने भारतीय और अमेरिकी कृषि व्यवस्था के बीच भारी असमानता की ओर ध्यान दिलाया. उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में औसत जोत 440 से 450 एकड़ है, जबकि भारत में यह मात्र 2 से 2.5 एकड़ है. अमेरिका में जहां केवल 1-2 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है, वहीं भारत में बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि से जुड़ी हुई है, जिससे खुली प्रतिस्पर्धा असमान हो जाती है.

> उन्होंने अमेरिका में 'फार्म बिल' जैसे कार्यक्रमों के तहत दी जाने वाली भारी सब्सिडी का उल्लेख करते हुए कहा कि टैरिफ घटाने या नॉन-टैरिफ बाधाएं कम करने से सब्सिडी-समर्थित अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में भर जाएंगे. इससे विशेष रूप से मध्य प्रदेश के मक्का और सोयाबीन उत्पादक किसानों को नुकसान होगा. पटवारी ने एमएसपी व्यवस्था की सुरक्षा और आयात से किसानों की आय प्रभावित न होने की लिखित गारंटी की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पारदर्शिता के बिना यह ट्रेड डील अंतिम रूप लेती है, तो मध्य प्रदेश भर के किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे.

# पुलिस ने गुम हुए मोबाइल बरामद किए

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 फरवरी .तकनीक आधारित जनसेवा को मजबूत करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.**




गुम मोबाइल की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तकनीकी निगरानी और फील्ड स्तर के समन्वित प्रयासों से कुल 301 मोबाइल फोन बरामद किए. इनकी अनुमानित कीमत 64.5 लाख रुपये है. विधिसम्मत जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए.

ऑपरेशन साइबर के तहत टीकमगढ़ जिले में पुलिस ने 150 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये है. इन मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया है. वहीं डिंडौरी जिले में साइबर टीम और स्थानीय थानों की संयुक्त कार्रवाई में 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कीमत 32.5 लाख रुपये आंकी गई है. आवश्यक जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए. मध्य प्रदेश पुलिस ने कहा कि नागरिकों की सहायता करना और उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाना उसका प्रमुख दायित्व है. इन प्रयासों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और सुदृढ़ हुआ है.